## सुविचार



कर्म, ज्ञान और भक्ति- ये तीनों
जहाँ मिलते हैं वहीं सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ
जन्म लेता है।

\- श्री अरविंद


# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- शर्त लगाकर पी बिना पानी की शराब, मौत II
- कला के विद्यार्थियों ने बनाए चित्र और सजाए कलश III
- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया लविवि में हंगामा IV


लखनऊ, रविवार, 8 फरवरी 2026





जनभवन में चल रही फल और पुष्प प्रदर्शनी में दूसरे दिन दर्शकों की भीड़ उमड़ी पड़ी। इस दौरान लोगों ने फूलों और फूलों से बनी आकृतियों के साथ सेल्फी ली व फोटो खिंचवाए। भारतीय डाक विभाग की ओर से आयोजित डाक टिकट प्रदर्शनी में बच्चों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता, फिलेटलिक (डाक टिकट) कार्यशाला और संगोष्ठी भी कराई गई। पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने बच्चों को पत्र लेखन की महत्ता बताते हुए इसे विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। अमृत विचार

## शहर में आज



- बाल निकुंज इंटर कालेज गर्ल्स विंग मोहिबुल्लापुर में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए सक्सेस मंत्रा कार्यशाला–10 :00 बजे से।
- परी पुस्तक केंद्र जानकीपुरम में सरस्वतीपुरम रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिक उत्सव, सम्मान समारोह– 10 :30 बजे से।
- निरालानगर स्थित मठ के परिसर में रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द का रामकृष्ण वचनामृत पर प्रवचन– 10 :30 बजे से।
- फैजुल्लागंज में एसएसजेडी इंटर कॉलेज के पास नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर– 11 :00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आकांक्षा थियेटर आर्ट्स की ओर से हास्य नाटक आदाब अर्ज है का मंचन–6 :45 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का विवाह समारोह 11 मार्च को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश भवन और अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के तहत 11 मार्च को लखनऊ में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें लाभार्थियों को 85,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अपर श्रम आयुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिक और स्वयं पंजीकृत अविवाहित महिला निर्माण श्रमिक योजना का लाभ उठा सकती हैं। संबंधित श्रमिक का बोर्ड में पंजीकरण या सदस्यता कम से कम एक वर्ष पुरानी होना आवश्यक है। श्रमिक सीएससी ई–डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सीएससी ई–गव सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upbocw.in पर भी सुविधा उपलब्ध है।

### कल से थमेंगी हवाएं चढ़ेगा पारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** दो दिनों से चल रहीं पछुआ हवाएं सोमवार से थम जाएंगी। इसके साथ ही राजधानी में पारा चढ़ेगा। तापमान में धीरे–धीरे 2–3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने यह अनुमान जताया है। राजधानी में शनिवार को धूप खिली रही। जिससे दिन में गर्मी का अहसास होने लगा। अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

### सैकड़ों किसानों ने एलडीए कार्यालय घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक लोकतांत्रिक के बैनर तले शनिवार को सैकड़ों किसानों ने विभूति खंड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय का घेराव किया। किसानों ने सुबह से गेट नंबर 2 बंद कर दिया और शाम तक सभा करते रहे। किसानों का आरोप है कि कोई भी वरिष्ठ अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह लोधी ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जा कर रहा है। अधिकारी और अभियंता एक ओर अवैध तरीके से कॉम्प्लेक्स बनवा रहे हैं वहीं किसानों की दुकानें सील कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि ताला लाए हो कि नहीं, सील एलडीए कार्यालय होना चाहिए।

# भोंपू तक सीमित नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

## सड़क पर खड़े वाहनों के कारण लगा रहा जाम, एनाउंस कर चलती बनी क्रेन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में नासूर बन चुके जाम की समस्या का मुख्य कारण अतिक्रमण को हटाने के प्रति नगर निगम के अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। कुछ जगह फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने और क्रेन से एनाउंस करने तक ही सीमित है। अधिकारी महापौर के आदेश को भी ठेंगा दिखा रहे हैं।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने इन्हें अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई देने के निर्देश भी दिए हैं। किंतु नगर निगम प्रवर्तन जोन-1 के अधिकारी और 296 टीम के कर्मचारी ढिलाई बरत रहे हैं। मुख्यालय से नावेल्टी चौराहे तक दोनों ओर कार एसेसरीज का काम करने वाले दुकानदार सड़क पर ही वाहन खड़े करवा काम करते हैं। शर्मा चाय, दुर्गमा होटल, सरदार जी छोले कुलचे के आगे भी सड़क पर ही वाहन खड़े किए जाते हैं। शनिवार दोपहर मुख्यालय के सामने प्रवर्तन टीम की क्रेन वाहन उठाने की औपचारिकता करते दिखी। क्रेन चौराहे पर पहुंची, वाहन से ही 296 टीम के कर्मचारी एनाउंसमेंट करते रहे और फिर आगे बढ़ गए। नावेल्टी चौराहे के आगे सड़क इधर-उधर पर खड़ीं गाड़ियां उठाकर खानापूर्ति जरूर की, जबकि नगर निगम मुख्यालय के पास शर्मा चाय के सामने सड़क पर वाहन खड़ने होने के कारण दोपहर में जाम लगा था। वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई।



सड़क पर गाड़ियां खड़ी होने से दुर्गमा होटल और शर्मा चाय के सामने लगा जाम। अमृत विचार

### सड़क पर एसेसरीज कारोबार को किसका संरक्षण

- नगर निगम सदन में अतिक्रमण के मुद्दे पर पार्षदों के हंगामे के बाद महापौर ने अधिकारियों को नियमित रूप से मुख्यालय से लेकर लालबाग और कैसरबाग तक अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। लेकिन नगर निगम मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर ही सड़क पर अवैध तरीके से खड़े हो रहे वाहनों से लगने वाला जाम नगर निगम के अधिकारियों को नहीं दिख रहा। आखिर सड़क पर अवैध तरीके से चल रहे कार एसेसरीज बाजार को किसका संरक्षण है।




मुख्यालय के पार खड़ी नगर निगम की क्रेन दूसरी ओर सड़क पर एसेसरीज की दुकानों के बाहर खड़ी कारें।

### फैजुल्लागंज में फूंका जलकल महाप्रबंधक का पुतला

- **अमृत विचार, लखनऊ :** फैजुल्लागंज क्षेत्र की श्याम विहार कॉलोनी, प्रजापति टावर, संतकबीरनगर कॉलोनी, प्रीति नगर, कृष्ण लोक नगर, गायत्री नगर, इंद्रपुरी, महर्षि नगर, भरत नगर, यश नगर, नौबस्ता, कसाईबाड़ा, श्रीनगर, हरिओम नगर और बेरी होटल सहित दर्जनों कॉलोनियों में सीवर ओवरफ्लो से हालात बदतर हो गए हैं। बदबूदार गंदगी से लोगों का घरों में रहना और सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। नागरिकों ने इस समस्या को लेकर आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराने के साथ पार्षद और विधायक तक से गुहार लगाई, लेकिन पिछले दो महीनों से कोई सुनवाई नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को जलकल विभाग के महाप्रबंधक का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। श्याम विहार कॉलोनी में भैरव टिम्बर के पास एकत्रित होकर नागरिकों ने सपा कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में जलकल विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सीवर का गंदा पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### मजारें हटाने को जारी होंगे अंतिम नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू परिसर की मजारे हटाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एक नोटिस जारी होने के बाद भी मजारें नहीं हटाई गईं। अब प्रशासन दूसरा और अंतिम नोटिस जारी करने की तैयारी में है। इसके बाद वैधानिक व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

केजीएमयू में क्वीन मेरी अस्पताल के मुख्य गेट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन तथा टीजी हॉस्टल परिसर के पास मजारें बनी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 23 जनवरी को पांच मजारों को हटाने के लिए नोटिस चस्पा कराए थे। नोटिस की मियाद पूरी होने के बावजूद मजारों की देखभाल करने वालों की ओर से कोई पहल नहीं की गई। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि अब तक तीन अवैध स्थलों को खाली कराया जा चुका है।

# मांझे में उलझी छात्र की गर्दन, बाल-बाल बचा

- वीडियो की मदद से जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाजारखाला के हैदरगंज ओवरब्रिज पर जिस दिन प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एमआर मोहम्मद शोएब की मौत हुई थी उसी दिन हाईस्कूल का एक छात्र मांझे की चपेट में आने के बाद बाल-बाल बचा था। मांझा उलझने से उसकी गर्दन में दो जगह कटने के निशान पड़ गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने छात्र को घर भेज दिया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

चौपटिया इलाके निवासी छात्र नजम खान ने बताया कि वह दोस्त के साथ स्कूटी से चौक जा रहा था। स्कूटी वही चला रहा था। कोनेश्वर से चौक जाने वाले रास्ते में चाइनीज मांझा सड़क पर आ गया। मांझे से उसकी गर्दन पर कट लग गया। उसने अचानक से स्कूटी में ब्रेक लगा दिया। अचानक ब्रेक लगाने से उसकी स्कूटी भी अनियंत्रित हुई, लेकिन वे गिरने से बच गए। नजम ने बताया कि दोस्त ने देखा कि कुछ दूरी पर मौजूद छत पर खड़े एक किशोर के हाथ में मांझा था। गर्दन पर एक कट लगने के बावजूद किशोर मांझा खींचता रहा। जिससे उसकी गर्दन पर दूसरा कट भी लग गया। नजम ने बताया कि उसने मांझा हाथ से पकड़ लिया था। इसलिए उसकी गर्दन पर गहरा कट नहीं लगा। पीड़िता व उसके साथी के शोर मचाने पर किशोर मांझा छोड़ कर भाग गया।



मांझे से घायल नजम खान।

# छाती तक पहुंच गए थे पेट के अंग ऑपरेशन कर दिया नया जीवन

- बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने किया ऑपरेशन
- कन्जनाइटल डायफ्रामेटिक हर्निया से पीड़ित थी बच्ची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने एक जटिल सर्जरी कर छह माह की बच्ची को नया जीवन देने में सफलता हासिल की है। जन्मजात बीमारी के कारण बच्ची के पेट के अंग छाती की गुहा में पहुंच गए थे, जिससे उसे सांस लेने समेत कई गंभीर समस्याएं हो रही थीं। सफल ऑपरेशन के बाद बच्ची की हालत में लगातार सुधार हो रहा है और शनिवार सुबह उसे वेंटिलेटर से भी हटा दिया गया।

सुल्तानपुर जिले के रामपुर गांव निवासी दंपति की बेटी जन्म से सांस संबंधी गंभीर परेशानी से पीड़ित थी। छह माह की आयु तक बार-बार उल्टी होने के साथ वह बेहोश होने लगी। 31 जनवरी को गंभीर अवस्था में परिजन बच्ची को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को पीडियाट्रिक वार्ड-3 में शिफ्ट किया गया। पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने खून की जांच के साथ एक्स-रे, ईकोकार्डियोग्राफी, कॉन्ट्रास्ट स्टडी और सीटी स्कैन कराया। सीटी स्कैन में पता चला कि बच्ची के दाईं तरफ के डायफ्राम में जन्मजात सुराख है। इस बीमारी को चिकित्सा विज्ञान में कन्जनाइटल डायफ्रामेटिक हर्निया कहा जाता है। डॉ. अखिलेश ने बताया कि छोटी और बड़ी आंत सहित पेट के अन्य अंग छाती की गुहा में चले गए थे। जिससे बाएं फेफड़े का विकास नहीं हो पाया था। दायां फेफड़ा और दिल दबाव में आ गए थे। बच्ची की जान बचाने के लिए छह फरवरी को जटिल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान डायफ्राम की मरम्मत कर पेट के सभी अंगों को पुनः पेट की गुहा में स्थापित किया गया। ऑपरेशन के बाद बच्ची को पीआईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। 24 घंटे बाद वेंटिलेटर हटा दिया गया और अब बच्ची की हालत स्थिर और बेहतर है।

## प्रतिक्रिया

### मसाला, दवा, सूखा मेवा, कपड़ा समेत भारतीय उत्पादों पर टैरित 18 प्रतिशत से शून्य तक होने से व्यापारी खुश

# भारत और अमेरिका की ट्रेड डील से बढ़ेगा उद्योग-व्यापार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को कारोबारी और व्यापारी संगठन इसे देश के लिए अहम और बेहतर मान रहे हैं। इसमें मसाला, दवा, सूखा मेवा, कपड़ा समेत भारतीय उत्पादों की एक लंबी सूची है, जिन पर टैरिफ की दर या तो शून्य कर दी गई है या फिर 18 फीसद हो गई है। उनका कहना है कि इस ट्रेड डील से भारतीय उत्पादों को एक बड़ा प्लेटफार्म मिलेगा और एक्सपोर्ट बढ़ेगा। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि व्यापार के दृष्टिकोण से देश का का उद्योग और व्यापार बढ़ेगा। किसानों और उत्पादकों को लाभ होगा। मसाला, लौंग, इलायची जैसी तमाम चीजें इंटरनेशनल मार्केट में धूम मचाएंगी। एक्सपोर्ट तेजी से बढ़ेगा। धैर्य के साथ पीएम और उनकी टीम द्वारा की गई यह डील हर दृष्टि से लाभ देने वाली होगी।



बनवारी लाल कंछल

### किसानों और उत्पादकों का मुनाफा बढ़ेगा

- किराना कमेटी के सदस्य विनोद अग्रवाल ने कहा कि इस डील से एक्सपोर्ट का दायरा बढ़ेगा। किराना से जुडे.कई आइटम ट्रेड डील में शून्य टैरिफ पर आ गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से मसाला, ड्राईफ्रूट आदि चीजें हैं जिनको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा बाजार मिलेगा। किसानों और उत्पादकों का मुनाफा बढ़ेगा। यह बेहतर डील है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि यह डील भारत के लिए विकासोन्मुखी है। किसान, उत्पादक दोनों को लाभ देने वाली है। एक्सपोर्ट बढ़ना तय है। भारतीय चीजों को बड़ा बाजार मिलेगा। टैरिफ बढ़ने पर आई बाधा को दूर कर लिया गया है। इससे रोजगार और कारोबार दोनों में बढ़ोत्तरी होगी। उप्र. आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भारत के लिए हर लिहाज से ट्रेड डील भारतीय बाजारों में रौनक लाएगी। उत्पादक और किसान दोनों को इंटरनेशनल फोरम पर अपने उत्पादों की बिक्री का बेहतरीन मंच मिलेगा। जीरो टैरिफ वाले अधिकांश उत्पादों के एक्सपोर्ट से भारतीय अर्थतंत्र को मजबूती मिलेगी।



विनोद अग्रवाल



संदीप बंसल



संजय गुप्ता

### डील उत्साहित करने वाली

- लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन व पांडेयगंज दालमंडी के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि ट्रेड डील व्यापारियों और किसानों को उत्साहित करने वाली है। भारतीय खाद्यान्न की डिमांड विश्व पटल पर मजबूत होगी। अब जीरो टैरिफ किसान और उत्पादकों को बड़ा प्लेटफार्म देने वाली है। अफगानिस्तान का उदाहरण देते हुए बासमती चावल पर एक डील से आई तेजी किसानों और उत्पादकों की जेब मुनाफे से भर रही है।



राजेंद्र अग्रवाल

### कपड़े पर रियायत को सराहा

- लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि कपड़े पर टैरिफ की रियायत से अब अमेरिकी बाजार में कारोबार कंप्टीशन में आ जाएगा। पहले टैरिफ 50 फीसद था जो अब घटकर 18 रह गया है। इससे कीमतें पहले की अपेक्षा कम होंगी। अन्य देशों से आने वाले कपड़े के सामने भारतीय उत्पाद अपनी मजबूत दावेदारी और गुणवत्ता रख सकेंगे। ट्रेड डील बेहतर है।



अमरनाथ मिश्र

### दवाइयों का एक्सपोर्ट बहुत तेजी से बढ़ेगा

- लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री प्रदीप जैन टोनी ने कहा कि दवाओं पर टैरिफ के शून्य होने का लाभ भारतीय कारोबार को बहुत ज्यादा होगा। भारत से बहुत ज्यादा दवाएं अमेरिका जाती हैं। इसका लाभ उत्पादकों, दवाओं के थोक विक्रेताओं और कंपनियों को खूब होगा। दवाइयों का एक्सपोर्ट बहुत तेजी से बढ़ेगा। इकॉनमी बूस्ट करेगी। प्रदेश में होने वाले दवाओं के उत्पादन को बड़ा मंच मिलेगा। दवा विक्रेता समिति के महामंत्री सीएम दुबे ने कहा कि दवा उत्पादकों और व्यवसाइयों के लिए भारत और अमेरिका के बीच हुई यह ट्रेड डील उत्साहित करने वाली है। दवाओं का एक्सपोर्ट रफ्तार पकड़ेगा। अमेरिका में काफी दवाएं भारत से जाती हैं। ऐसे में टैरिफ का असर दवा बाजार और बनाने वालों के लिए मुनाफा देने वाली डील है।



प्रदीप जैन टोनी



सीएम दुबे

# मार्ग प्रकाश कर्मियों का नहीं बना ईएसआई कार्ड

- जुलाई 2025 से सैकड़ों कर्मचारी जान हथेली पर रख कर रहे काम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों का 7 महीने बाद भी ईएसआई कार्ड नहीं बना है। जुलाई 2025 से सैकड़ों कर्मचारी जान हथेली पर रखकर स्ट्रीट लाइट लगाने और रिपेयर करने का काम कर रहे हैं। इसमें कार्यदायी संस्था लक्ष्मी सिक्योरिटी की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है।

कार्यदायी संस्था ने आउटसोर्सिंग पर लगे करीब 350 कर्मचारियों का दो महीने पहले फार्म तो भरा लिया लेकिन कार्ड अभी तक नहीं बनाया है। जिससे कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा और चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। मार्ग प्रकाश के कर्मचारियों के अनुसार फर्म ने केवल केंद्रीय कार्यशाला के कर्मचारियों को ही ईएसआई कार्ड जारी किया है। जबकि मार्ग प्रकाश विभाग के कर्मचारी जोखिम के बीच चालू लाइन के बीच स्ट्रीट लाइन लगाने और सही करते हैं। इस संबंध में मुख्य अभियंता आरआर विभाग मनोज प्रभात ने कहा कि मार्ग प्रकाश के कर्मचारियों का जल्द ईएसआई कार्ड जारी किया जाएगा। कार्यदाई संस्था ने कर्मचारियों से फार्म भरवा लिए हैं। इसके अलावा कर्मचारियों का दो माह का बकाया वेतन भी जल्द जारी कर दिया जाएगा।

### दो महीने का वेतन मिलने का इंतजार

- मार्ग प्रकाश विभाग के सैकड़ों कर्मचारी दो महीने का बकाया वेतन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। करीब 350 कर्मचारियों को वर्ष 2022 में दो माह का कार्यदायी संस्था द्वारा वेतन नहीं दिया गया। इसके लिए कर्मचारी मुख्य अभियंता आरआर से लेकर नगर आयुक्त से कई बार गुहार लगा चुके हैं। लखनऊ नगर निगम श्रमिक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ओर महामंत्री विनोद कुमार द्विवेदी का कहना है कि लगातार अधिकारियों से मिलकर दो माह का वेतन दिलाने का अनुरोध किया जा रहा है। लेकिन लगातार आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने मार्ग विभाग के कर्मचारियों का जल्द से जल्द ईएसआई कार्ड बनवाने की मांग की है।

## सिटी ब्रीफ

### शार्ट-सर्किट से लगी आग, फर्नीचर जला

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के विनयखंड स्थित एक मकान में शनिवार को आग लग गयी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से फर्नीचर समेत लाखों का माल जलकर बर्बाद हो गया। पत्रकारपुरम चौराहा स्थित विनयखंड-3 में असीत सिंह का मकान है। शनिवार शाम को उनके मकान के एक कमरे में आग लग गयी। आग की लपटें देख परिजन घर के बाहर निकल गए। लपटें और धुआं देख पड़ोसी भी मदद के लिए दौड़े। इसी बीच किसी ने 4:24 बजे कंट्रोल रूम पर आग की सूचना दी। जानकारी मिलते ही विभूतिखंड फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने हौज पाइप लगाकर राहत कार्य शुरु किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। एफएसओ ने बताया कि आग से फर्नीचर, एलईडी इलेक्ट्रिक वॉयर व अन्य सामान जला है। आशंका जतायी जा रही है कि आग शार्ट सर्किट के कारण ही लगी थी।

# शर्त लगाकर पी बिना पानी की शराब, मौत

## दुबग्गा के शाहपुर भमरोली गांव की घटना, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** दुबग्गा के शाहपुर भमरौली निवासी पेंटर जितेंद्र (30) ने शर्त लगाकर बिना पानी के शराब पी लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुबग्गा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शाहपुर भमरौली निवासी कंधई परिवार के साथ रहते है। कंधई के मुताबिक उनका बड़ा बेटा जितेंद्र पेंटर था। वह शराब पीने का आदी था। मृतक के दोस्त ने बताया कि शुक्रवार जितेंद्र नशे में आया दोस्तों के पास आया। वहां दोस्तों ने शर्त लगाई कि वह बिना पानी के ही शराब पीकर दिखाए। इसके बाद दोस्तों ने शराब मगाईं। तो जितेंद्र ने बिना पानी के ही शराब पी ली। कुछ देर वह दोस्तों के साथ रहने के बाद घर चला गया। घर पर जितेंद्र उल्टियां करने लगा। यह देखकर परिजन जितेंद्र को घी और अचार खिलाया। इसके बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उसे पास के एरा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने जितेंद्र की हालत गंभीर बताते हुए भर्ती कर लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर दुबग्गा थाने की पुलिस पहुंची। परिजन से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है। न ही कोई तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पाइप के अंदर पड़ा मिला नशेड़ी का शव

■ **अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज स्थित गूंगे-बहरे स्कूल के पास पाइप के अंदर एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुजीत लोधी के रूप में हुई। छानबीन के दौरान घटनास्थल पर नशे में इस्तेमाल की गयी सीरिंज मिली है। मां ने बताया कि 6 फरवरी की रात सुजीत दोस्त को दो हजार रुपये देने की बात कहकर मां से मांगकर ले गया था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि सुजीत चाचा की मिठाई की दुकान पर काम करता था।

## मूक-बधिर युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊः** पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग स्थित शिव विहार कॉलोनी में शुक्रवार को मूक-बधिर युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तेलीबाग शिव विहार कॉलोनी निवासी बाबूराम वर्मा सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी हैं। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा महेश (39) और एक बेटी है। चाचा विजय ने बताया कि महेश बचपन से ही मूक-बधिर था। शुक्रवार को वह अपने कमरे में गया था, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकला। इस पर उसकी मां उसे बुलाने कमरे में गईं, जहां महेश को दुपट्टे के फंदे से पंखे के सहारे लटका देख चीख पड़ीं। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीजीआई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारा। पुलिस ने घर में तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों ने बताया कि मूक-बधिर होने के कारण महेश की शादी नहीं हुई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# बेटी होने पर मांगे 80 लाख, इंकार पर तीन तलाक देकर निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लांछन लगाकर भ्रूण लिंग जांच का बनाया दबाव, भूखा-प्यासा रखकर की गई प्रताड़ना
- पीड़िता ने पति समेत तीन पर विकासनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट




**अमृत विचार :** निकाह के बाद विवाहिता के चरित्र पर लांछन लगाकर मारपीट की गई। गर्भवती होने पर भ्रूण लिंग जांच का दबाव बनाया गया और धमकी दी गई कि बेटी होने पर तलाक दे दिया जाएगा। बेटी के जन्म के बाद दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया। बेटी की स्थिति से आहत पिता को दिल का दौरा पड़ गया। पीड़िता की तहरीर पर विकासनगर थाने में पति, सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसओ आलोक सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विकासनगर के आशियाना विहार निवासी ताबिंदा कुरैशी का निकाह 4 दिसंबर 2022 को काकोरी के काजीगढ़ी चौराहा निवासी नासिर खान से हुआ था। 23 जनवरी 2023 को रुख्सती के बाद वह ससुराल पहुंची। पीड़िता के अनुसार, 26 जनवरी को पति के मोबाइल में अन्य महिलाओं के साथ आपत्तिजनक फोटो देखने पर विवाद हुआ। 4 फरवरी को सास-ससुर ने चरित्र पर आरोप लगाए और पति ने मारपीट की। 6 अप्रैल को जन्मदिन पर गोमतीनगर के होटल से लौटते समय भी मारपीट की गई। बाद में यह कहकर पीटा गया कि नासिर अपने माता-पिता की संतान नहीं है।

इलाज के दौरान ताबिंदा के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। 10 जुलाई से ससुरालवालों ने भ्रूण लिंग जांच का दबाव बनाया और बेटी होने पर तलाक की धमकी दी। अगस्त में बेरहमी से पीटकर मायके भेज दिया गया। बेटी के जन्म के बाद 17 दिसंबर को ससुराल में कार और पति के कारोबार के लिए 80 लाख रुपये मांगे गए। मांग पूरी न होने पर खाना बंद कर दिया गया। 15 सितंबर 2024 को तीन तलाक बोलकर बाल पकड़कर बाहर निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मई 2025 में समझौते का नाटक कर चेक दिया गया, लेकिन 29 जुलाई को फिर मारपीट कर भगा दिया गया। इसके बाद पीड़िता ने पति नासिर, सास साफिया और ससुर साबिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

## रोकी रफ्तार



विधान भवन के समक्ष प्रदर्शन के चलते जाम जैसे हालात बन गये। रुक-रुक कर आगे बढ़ते वाहन। अमृत विचार

# जाली वसीयतनामा और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन हड़पने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी जीजा-साले ने कानपुर देहात से बनवाया जाली मृत्यु प्रमाण पत्र
- जाली दस्तावेज लगाकर नामांतरण के लिए दाखिल किया वाद, बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बिजनौर थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर में जमीन हड़पने के लिए जालसाज जीजा-साले ने मृत व्यक्ति का जाली वसीयतनामा और फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर नामांतरण कराने की कोशिश की। नामांतरण वाद दाखिल होने पर मृतक के भतीजे को फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

ग्राम पहाड़पुर निवासी प्रभात पांडेय ने बताया कि उनके सगे चाचा संतकुमार पांडेय की 31 मई 2021 को कोरोना महामारी के दौरान लखनऊ कैंट अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। संतकुमार के नाम ग्राम खाण्डेदेव और पहाड़पुर में कई खसरा संख्याओं की भूमि दर्ज है। आरोप है कि इसी जमीन को हड़पने के लिए साजिश रची गई।

पीड़ित के अनुसार गांव के ही श्रीकांत पांडेय ने अपने साले उमाशंकर तिवारी और लतीफनगर निवासी अभिनव त्रिवेदी उर्फ नीरज त्रिवेदी के साथ मिलकर मृतक के नाम से जाली वसीयतनामा तैयार कराया। इस वसीयतनामा को 26 अप्रैल 2022 को उपनिबंधक कार्यालय सरोजनीनगर में पंजीकरण के लिए पेश किया गया, लेकिन संदेह होने पर तत्कालीन उपनिबंधक ने पंजीकरण रोक दिया।

इसके बाद आरोपियों ने कानपुर देहात के ग्राम पंचायत मुनिशपुर से 11 दिसंबर 2021 का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और इन दस्तावेजों के आधार पर नायब तहसीलदार, बिजनौर न्यायालय में नामांतरण वाद दाखिल कर दिया। शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश की रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी बरामद आरोपी गिरफ्तार

■ **अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि 30 जनवरी को किशोरी के पिता ने शिकायती पत्र दिया था। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने किशोरी को शुक्रवार को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं आरोपी लवकुश साहू को गिरफ्तार कर लिया। लवकुश बरावन कला दुबग्गा का रहने वाला है। उसे पकड़िया चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

## यौन शोषण पीड़िता पर पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मालः** यौन शोषण का आरोप लगाने वाली युवती व उसके परिवार के खिलाफ माल पुलिस ने धमकी और पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने ब ताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता ने बताया कि उनका बेटा 16 वर्ष का है। पीड़िता ने बताया कि गांव में रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने बेटे का शारीरिक शोषण किया। उसके बाद ब्लैकमेल कर आरोपी युवती ने हजारों रुपये वसूल किए। और मांग पूरी न होने पर युवती ने किशोर पर शादी का दबाव बनाया। आरोप है कि युवती, उसकी मां, पिता और भाई ने गोली मारने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़ित मां ने 17 जुलाई 2025 को थाने में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने युवती की तहरीर पर किशोर व उसके घरवालों पर दुष्कर्म व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया। 22 सितंबर को जमानत के बाद भी सुनवायी नहीं होने पर मां ने कोर्ट में गुहार लगायी।

## कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-सीतापुर राजमार्ग पर स्थित द लैवेंडर कैफे में कैफे की आड़ में संचालित हुक्का बार पर बख्शी का तालाब पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। मौके से तीन हुक्का, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने उपनिरीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कैफे संचालक की तलाश में दबिश दी जा रही है।

एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से बीकेटी क्षेत्र के तकिया साबुन फैक्ट्री के पास स्थित द लैवेंडर कैफे में अवैध रूप से हुक्का पिलाए जाने की सूचना मिल रही थी। शुक्रवार को सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक शेषमणि मिश्रा अपनी टीम के साथ कैफे पहुंचे और छापेमारी की। पुलिस को देखते ही कैफे में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हर्ष शर्मा निवासी ग्राम मगनपुर, पलिया लखीमपुरखीरी और भविष्य प्रताप सिंह निवासी नगर पंचायत इटौंजा बताया। दोनों ने बताया कि वे कैफे में काम करते हैं। उन्होंने संचालक का नाम देवराज त्रिपाठी निवासी पलिया लखीमपुरखीरी बताया।

इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के प्रतिबंध के बावजूद कैफे की आड़ में हुक्का बार का संचालन किया जा रहा था। आरोपी लाइसेंस होने का झांसा देकर ग्राहकों को हुक्का उपलब्ध कराते थे। रोक के बाद भी कैफे में स्कूली छात्र-छात्राओं का बेरोकटोक आना-जाना था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गिरफ्तारी का डर दिखाकर युवक से हजारों ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जानकीपुरम थाने में पीड़ित ने दर्ज करायी रिपोर्ट
- अलीगंज में ड्राई फ्रूट सप्लाई और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ऐंठे 95 हजार

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने अलग-अलग तरीकों से महिला समेत तीन लोगों से कुल 1.65 लाख रुपये ठग लिए। कहीं खुद को डीएसपी बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाया गया तो कहीं ड्राई फ्रूट सप्लाई और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर रकम ऐंठी गई। जानकीपुरम और अलीगंज थानों में पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-7 निवासी शिवम यादव के अनुसार 2 फरवरी को उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को भागलपुर का डीएसपी बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ केस दर्ज है और गिरफ्तारी होने वाली है। जालसाज ने डेटा सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और 69 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

वहीं अलीगंज सेक्टर-बी निवासी व्यापारी प्रकाश कुमार यादव, जिनकी कपूरथला में दुकान है, को ड्राई फ्रूट सप्लाई का झांसा दिया गया। सैंपल भेजने के नाम पर पहले 3950 रुपये और बाद में अलग-अलग बहानों से कुल 55,240 रुपये ऐंठ लिए गए।

इसी क्षेत्र की सेक्टर-पी निवासी सरगम सोनी को 3 फरवरी को पार्ट टाइम जॉब का मैसेज मिला। टेलीग्राम पर टॉस्क के नाम पर पहले भुगतान किया गया, फिर पैड टॉस्क बताकर 40,200 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। पीड़िता ने अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## विवादित प्लॉट का सौदा कर व्यापारी से ठगे 9 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्माण कराने पहुंचा पीड़ित तो हुई धोखाधड़ी की जानकारी

**अमृत विचार :** मिल एरिया इलाके में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर जालसाज पिता-पुत्र ने एक व्यापारी से 9 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित जब प्लॉट पर निर्माण कराने पहुंचा तो जमीन विवादित होने की जानकारी हुई। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने टालमटोल किया और दबाव बनाने पर मारपीट कर धमकाया। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश पर बाजारखाला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आलमनगर निवासी मो. इमरान उर्फ शब्बू के अनुसार वह प्लॉट खरीदना चाहते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात गोल्डन सिटी किशोरगंज कैंपवेल रोड निवासी मो. मुजीब से हुई। मुजीब और उसके बेटे जोहेब ने मिल एरिया क्षेत्र में एक प्लॉट दिखाया, जो पसंद आने पर 9 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। इमरान ने चेक के माध्यम से भुगतान किया और कब्जा लेकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया।

निर्माण के दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंचे और जमीन को विवादित बताते हुए काम रुकवा दिया। लोगों ने बताया कि आरोपी पहले भी कई लोगों से इसी तरह ठगी कर चुका है। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर बाजारखाला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिम में महिला वकील से मारपीट, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर थानाक्षेत्र के सेक्टर-12 स्थित ओलंपिया जिम में हुई घटना

**अमृत विचार :** गाजीपुर थानाक्षेत्र के इंदिरानगर सेक्टर-12 स्थित ओलंपिया जिम में महिला वकील के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि जिम में हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने गाली-गलौज की, मारपीट की और सोने की चेन लूटने की कोशिश की। पीड़िता की तहरीर पर गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वैशाली इन्क्लेव, इंदिरानगर निवासी महिला हाईकोर्ट में वकील हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच वह अपनी छोटी बहन के साथ पॉलिटेक्नीक स्थित ओलंपिया जिम में एक्सरसाइज करने गई थीं। इसी दौरान एक्सरसाइज को लेकर मनीषा नाम की महिला से कहासुनी हो गई, जो जल्द ही गाली-गलौज में बदल गई। इसके बाद मनीषा जिम से चली गई।

आरोप है कि कुछ देर बाद मनीषा अपने साथी विशाल और चार अन्य लोगों के साथ जिम में लौट आई और सभी ने मिलकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों बहनों के साथ मारपीट की। इस दौरान विशाल ने महिला वकील के गले से सोने की चेन खींच ली, जिसका एक हिस्सा टूटकर आरोपी ले गया। जिम से बाहर निकलते समय मनीषा ने स्टील की पानी की बोतल से बहन के सिर पर वार किया, जिससे वह बेहोश हो गई। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**निजी अस्पताल का मामला** | सात दिन तक नहीं आया होश, हालत बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल ले जाया गया

# नाक के ऑपरेशन के बाद युवती की मौत, लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन की शिकायत पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, मामले की जांच की शुरू
- बोला अस्पताल प्रबंधन, इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई



**अमृत विचार :** खदरा स्थित एक निजी अस्पताल में नाक के ऑपरेशन के बाद युवती को सात दिन होश नहीं आया। हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल की ओर से निजी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीतापुर निवासी नंदलाल केशव की बेटी शिवानी कश्यप (18) को सांस लेने में तकलीफ थी। 31 जनवरी को उसे खदरा स्थित न्यू रिलैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। भाई संदीप कश्यप के अनुसार शिवानी को साइनस की समस्या थी। डॉक्टरों ने नाक के ऑपरेशन की सलाह दी। संदीप का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद शिवानी को होश नहीं आया। इलाज के नाम पर पांच लाख रुपये से अधिक खर्च हो गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल के डॉक्टर उसे ठाकुरगंज स्थित एरा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को सूचना देकर ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ने निजी अस्पताल के खिलाफ तहरीर दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि पुलिस के माध्यम से पत्र प्राप्त होते ही जांच कराई जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति की जाएगी। उधर, न्यू रिलैक्स हॉस्पिटल के संचालक डॉ. गौस ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि ऑपरेशन के दौरान मरीज को दिल का दौरा पड़ा था। तत्काल सीपीआर देकर मरीज को तीन दिन तक वेंटिलेटर पर रखा गया। बाद में परिजन अपनी मर्जी से मरीज को निजी मेडिकल कॉलेज ले गए थे। इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई।

## दबंगों ने परिवार पर किया हमला, ननद भाभी से छेड़छाड़

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र के राम विहार कॉलोनी में शनिवार शाम दबंगों ने एक ही परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि करीब डेढ़ दर्जन लोग लात-घूंसे, रॉड, डंडे और पत्थरों से लैस होकर पहुंचे और दो भाइयों को बेरहमी से पीट दिया, जिससे उनके सिर फट गए। शोर सुनकर बचाव के लिए आई ननद और भाभी से छेड़छाड़ की गई तथा भाभी को धक्का देकर गिरा दिया गया। आरोपियों ने मंगलसूत्र और सोने की बाली भी छीन ली। हमले में पीड़िता के पति, सास और विकलांग देवर को भी गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।

# डेढ़ करोड़ का सोना लेकर कारीगर फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बहराइच निवासी है पीड़ित ने सोना लाने के लिए दोस्त को भेजा था लखनऊ
- पीड़ित कारोबारी ने चौक कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचारः** बहराइच सराफा मार्केट के आभूषण कारोबारी का करीब 1.50 करोड़ कीमत का सोना लेकर लखनऊ से दोस्त फरार हो गया। उन्होंने दोस्त को सोना लेने के लिए लखनऊ भेजा था। पीड़ित कारोबारी ने व्यापारियों को सूचना दी। साथ ही लखनऊ पहुंचकर चौक कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है। शुरुआती जांच में व्यापारिक लेन-देन की पुष्टि हुई है। पुलिस सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मूल रूप से बहराइच काजीपुरा निवासी कारोबारी मंथन पाटिल ने बताया कि वह सर्राफा कारीगर कमेटी के महामंत्री हैं। उनका शहर में ही एप्पल गोल्ड टंच के नाम से कारोबार है। 6 फरवरी को उन्होंने अपने एक दोस्त को अमीनाबाद सार्राफा बाजार में बृजवासी ज्वैलर्स की दुकान से 977 ग्राम सोना लाने के लिए भेजा था। दोस्त कार से ड्राइवर के साथ लखनऊ आया था। यहां से उसने सोना लिया। फिर वह चौक में स्थित न्यू बालाजी सराफ के यहां से कुछ सामान लेने के लिए पहुंचा था।

मंथन ने बताया कि सोना लेने के कुछ देर बाद उन्होंने दोस्त को कॉल की तो मोबाइल स्विच मिला। बैटरी खत्म होने की आशंका में उन्होंने कुछ देर बाद दोबारा कॉल की तो फिर मोबाइल बंद मिला। कारोबारी ने न्यू बालाजी के मालिक सनी को फोन किया। उन्होंने बताया कि उनका साथी यहां आया था और जा चुका है। साथी और सोने का कुछ पता न चलने पर मंथन पाटिल लखनऊ पहुंचे। चौक सर्राफा एसोसिएशन में सारी बात बताने के बाद वे व्यापारियों के साथ चौक कोतवाली पहुंचे। पीड़ित ने चौक कोतवाली में तहरीर दी। इंस्पेक्टर चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। दोनों के बीच कुछ लेनदेन के विवाद की भी जानकारी मिली है।

## सिटी ब्रीफ

### स्वर परीक्षा से चुने बी ग्रेड कलाकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आकाशवाणी लखनऊ में 5 फरवरी को हुई सुगम संगीत (भजन, गजल और कव्वाली गायन) की स्वर परीक्षा में बी ग्रेड के चयनित कलाकारों की सूची जारी कर दी गई है। गजल गायन के क्षेत्र में अनन्या अवस्थी, नलिनी त्रिपाठी, मिथिलेश कुमार, विजय शंकर अग्निहोत्री, कुलतार सिंह और अनुष्का सिंह को बी ग्रेड के कलाकार के तौर पर अनुमोदित किया गया है। भजन गायन के क्षेत्र में मोहित मिश्रा, अनन्या अवस्थी और कमलेश पाठक बी ग्रेड के कलाकार के तौर पर अनुमोदित हुए हैं। कव्वाली गायन में शाश्वत कुमार व उनकी टीम को बी ग्रेड मिला है।

### गृहकर बकाये पर 19 भवन सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ शनिवार को कुर्की व सीलिंग अभियान चलाया। जोन-8 के वार्ड श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई, इब्राहिमपुर द्वितीय एवं राजा बिजली पासी प्रथम के अंतर्गत कुल 19 भवनों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन भवनों पर कुल 27,97,045 रुपये गृहकर बकाया था। कार्रवाई के दौरान 11 भवनों से 9,45,505 रुपये की धनराशि आंशिक भुगतान के रूप में जमा कराई, शेष बकायेदार प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया।कार्रवाई जोनल अधिकारी विकास सिंह के निर्देशन में कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पांडे, कर अधीक्षक राम अचल, राजस्व निरीक्षक राजा भैया, अंदलीब जेहरा एवं अनुज गौड़ सहित ईटीएफ टीम की उपस्थिति में की गई।

### हजरत अब्बास की याद में हुई महफ़िल

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरत इमाम हुसैन के छोटे भाई हजरत अब्बास के जन्मदिन के तहत अंजुमन अन्सारे अब्बसिया ने दरगाह हजरत अब्बास में महफ़िल-ए-अलमदारे हुसैनी शीर्षक से महफ़िल का आयोजन किया। इसका संचालन शायर-ए-अहलेबैत नय्यर मजीदी ने किया। मौलाना यासूब अब्बास ने हजरत अब्बास की बहादुरी और हिम्मत को याद किया। उन्होंने कहा कि मौला अब्बास अपने पिता हजरत अली के साथ मुश्किल वक्त में भी मौजूद रहे और इस्लाम की हिफाजत की। हजरत अब्बास इतने खूबसूरत थे कि लोग उन्हें खानदान-ए-हाशिम का चांद कहते थे। मशहूर शायर बिलाल काजमी, शहजादा गुलरेज, मेराज मंगलौरी, किरतास रिजवी करबलाई, शरर नकवी, मंजर अख्तर, सागर बनारसी, फाजिल जरवली, इरम बनारसी, रेहान आजमी, काशिफ रजा, मीर हिलाल रिजवी और शबाब जलालपुरी ने हजरत अब्बास की शान में कलाम पेश किए।

### नववर्ष महोत्सव 18 मार्च को

**अमृत विचार,लखनऊ :** भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास की बैठक शनिवार को मोती महल रेस्टोरेंट में हुई। अभिषेक खरे के संयोजन में हुई बैठक में 18 मार्च को राजधानी में नववर्ष महोत्सव तथा गायत्री दीपयज्ञ करने का निर्णय लिया गया। भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के नवीन पदाधिकारियों संरक्षक रविन्द्र नाथ रस्तोगी, दीपक अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, संजीव वर्मा, अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, सचिव अभिषेक खरे, कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, सतीश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, अलकेश सोती, वरिष्ठ मंत्री रिद्धि किशोर गौड़, मंत्री प्रियंक गुप्ता को सम्मानित किया गया।





राज्य ललित कला अकादमी के स्थापना दिवस समारोह आयोजित प्रतियोगिता में पेंटिंग बनाती और कलश सजाती कला शिक्षण संस्थानों की छात्राएं। अमृत विचार

# कला की विद्यार्थियों ने बनाए चित्र और सजाए कलश

## राज्य ललित कला अकादमी के स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन हुईं दो प्रतियोगिताएं, दो दिन और चलेगा समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य ललित कला अकादमी के स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन पर्यटन एवं पर्यावरण विषयक चित्रकला और कलश अलंकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कला शिक्षण संस्थानों के 73 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें तीन उत्कृष्ट चित्रों का चयन किया गया। कलश अलंकरण में 43 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम विजेता को 5000, द्वितीय को 3000 और तृतीय विजेता को 2000 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा।

65वां स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ वाराणसी के वरिष्ठ चित्रकार प्रो. एस प्रणाम सिंह, अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र और निदेशक डॉ. अमित अग्निहोत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रो. एस प्रणाम सिंह ने लाइव पोर्ट्रेट भी बनाया।8 फरवरी को अकादमी की ओर से 35वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का शुभारम्भ एवं पद्मभूषण राम वनजी सुतार के व्यक्तित्व कृतित्व पर आधारित आनलाइन प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण किया और वरिष्ठ कलाकार प्रो. एस प्रणाम सिंह को अकादमी के सर्वोच्च सम्मान अकादमी अधिसदस्यता सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।लाल बारादरी स्थित अकादमी परिसर में मनाये जा रहे स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न कला शिक्षण संस्थानों को प्रदर्शनी के लिए आमंत्रित किया गया। कला एवं शिल्प महाविद्यालय के विजुअल आर्ट विभाग, गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ़ हायर स्टडीज, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के बीवीए विद्यार्थी, आद्विका ग्रुप ऑफ़ फाइन आर्ट जानकीपुरम, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ़ हायर स्टडीज, वर्णाभीनय आर्ट गैलरी सरस्वती कुंज निरालानगर, संस्कार भारती अवध प्रान्त, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का ललित कला विभाग, डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्विद्यालय का ललित कला एवं संगीत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय का दृश्य कला विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट मोदी नगर और सीसीएस विश्वविद्यालय मेरठ को आमंत्रित कर उन्हें प्रदर्शनी के लिए जगह उपलब्ध कराई गई।



स्थापना दिवस समारोह में पेंटिंग बनाते वरिष्ठ चित्रकार प्रो. प्रणाम एस सिंह। अमृत विचार

### मिक्स लैंड यूज को लेकर बैठे व्यापारी और अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों को मिक्स लैंड यूज और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजना का लाभ दिलाने और जानकारी के लिए उप्र. आदर्श व्यापार मंडल ने एक कार्यशाला मुंशी पुलिया स्थित आवास विकास परिषद ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित की। आवास आयुक्त बलकार सिंह की पहले पर इसमें उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के मुख्य वास्तुविद संजीव कश्यप, ट्रेनिंग केंद्र के निदेशक अजय कुमार मित्तल, वास्तुविद नियोजक ज्योति कटियार ने व्यापारियों को दोनों योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्यापारियों की जिज्ञासाओं को शांत किया गया। कार्यशाला में आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहे।

नई भवन उपविधि, मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि पर मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप ने बताया कि मिक्स लैंड यूज योजना के अंतर्गत 24 मीटर तक की सड़क पर और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजना में 12 मीटर तक की सड़क पर पूर्ण व्यावसायिक गतिविधियों के लिए जोनिंग अनुसार निर्माण अनुमन्य है। 4 प्लाट जोड़कर आवासीय एवं कामर्शियल गतिविधियां की जा सकती हैं किंतु इसके लिए आवास विकास परिषद से पहले अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके बाद नक्शा जमा एवं स्वीकृत कराना होगा। वर्तमान में बनीं हुई कमर्शियल बिल्डिंग में पार्किंग की व्यवस्था करने पर नियमित किया जा सकता है। पार्किंग ग्राउंड फ्लोर, मैकेनिकल पार्किंग, बेसमेंट के लिए उसका शुल्क जमा कर परिषद से अनुमति लेना होगा।

# क्लीनिकल एआई को कारगर बनाने पर मंथन

## एसजीपीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के हेपेटोलॉजी विभाग के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को टेलीमेडिसिन सभागार में क्लीनिकल एआई को कारगर बनाना, प्रौद्योगिकी, अभ्यास और नीति का समन्वय विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस आयोजन में आईसीएमआर-एनआईआरडीएचडीएस और मीमांसा एआई ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. अमित गोयल और प्रो. आरके सिंह ने किया। मुख्य भाषण स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रो. निगम एच. शाह ने दिया। उद्घाटन समारोह में प्रो. आरके धीमन, डॉ. मोना दुग्गल, डॉ. हरीश कार्निक और डॉ. विनीत कंसल ने भाग लिया।

संगोष्ठी में स्वास्थ्य सेवा में एआई के सुरक्षित और प्रभावी समावेशन, नैदानिक कार्यप्रवाह में एआई का एकीकरण, डेटा प्रबंधन, नैतिक और कानूनी पहलुओं तथा जिम्मेदार नवाचार पर विस्तार से चर्चा हुई। पैनल चर्चाओं और केस स्टडीज के माध्यम से वास्तविक दुनिया के अनुभव साझा किए गए।

प्रो. अमित गोयल ने बताया स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सुरक्षित, प्रभावी और समान उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एसजीपीजीआई, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), आईआईटी कानपुर और आईईटी लखनऊ के बीच एक समझौता ज्ञापन प्रक्रियाधीन है। इसका उद्देश्य शोध प्रयोगशालाओं में विकसित एआई तकनीकों को वास्तविक मरीजों तक सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ पहुंचाना है।



कार्यक्रम की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते हुए निदेशक व अन्य।

### बच्चों और युवाओं में बढ़ रहा मोटापा, शारीरिक गतिविधि जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शारीरिक गतिविधि स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है और लगातार बैठना गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। लगातार एक घंटे से अधिक बैठना एक सिगरेट पीने के बराबर नुकसानदायक हो सकता है। यह जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. भुवन चंद्र तिवारी ने दी। वह उन्होंने शनिवार को संस्थान में आयोजित सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ फिजिकल एक्टिविटी एंड हेल्थ के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रो. भुवन बताया कि शारीरिक गतिविधि की कमी बच्चों और वयस्कों दोनों को बीमार बना रही है। बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है, जिससे डायबिटीज और दिल की बीमारियां भी देखने को मिल रही हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अनेक गैर-संचारी रोगों की रोकथाम संभव है। आयोजन अध्यक्ष डॉ. एसडी कांडपाल ने नियमित शारीरिक गतिविधि को दैनिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। केजीएमयू की कम्युनिटी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मोनिका अग्रवाल ने कहा कि 10 से 19 साल के बच्चों में मोटापे की दर पिछले 15 साल में लगभग तीन गुना बढ़ गई है। भारत में करीब 8.2 प्रतिशत बच्चे मोटे हैं और 10 प्रतिशत सामान्य से ज्यादा वजन के हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो. सलमान खान ने भी चेताया कि मोटापा अब केवल अमीरों की नहीं बल्कि गरीबों की भी समस्या बन गया है, जो कई स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाता है। सम्मेलन में बच्चों और शिक्षकों ने भाग लिया और बचपन से ही सही खानपान और जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। जिनमें प्रो. मार्क ट्रेम्बले (कनाडा), डॉ. आरएम अंजन्या (मद्रास डायबिटीज रिसर्च इंस्टिट्यूट), डॉ. शिफालिका गोयंका (डिप्टी डायरेक्टर, सीसीडीसी, नई दिल्ली), डॉ. पंकज भारद्वाज, जोधपुर), डॉ. सैमुअल हंसडैक एवं हर्ब गीबल (सीएमसी वेल्लोर) प्रमुख रहे।

## आरआर कर्मचारियों ने केंद्रीय कार्यशाला पर की आम सभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नगर निगम आरआर कर्मचारी संघ, आरआर एवं सेंट्रल वर्कशॉप मजदूर संघ व केंद्रीय कार्यशाला एवं आरआर कर्मचारी संघ की संयुक्त समिति के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारियों ने शनिवार को गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला स्थित भगवान विश्वकर्मा वाटिका में आम सभा की।

जिसमें एक स्वर में केंद्रीय कार्यशाला में प्रस्तावित नगर निगम मुख्यालय भवन निर्माण प्रारंभ होने से पहले दूसरी जगह कार्यशाला बनने के बाद ही शिफ्ट की जाए। समिति ने इस सम्बंध में नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन मुख्य अभियंता को सौंपा। संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि केंद्रीय कार्यशाला में भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा, 35 वर्षों से सफाई, अभियंत्रण विभाग, पर्यावरण विभाग व कई अन्य विभागों के वाहनों की मरम्मत की जाती है। इसके अलावा डीजल व पेट्रोल पंप भी संचालित है।

## सिटी डायरी



जानकारी देते मौलाना सैफ अब्बास व अन्य।

### पाकिस्तान में 70 शियों का कत्ल नाकाबिले बर्दाश्त : सैफ अब्बास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित इमामबारगाह में आतंकी हमले की मौलाना सैफ अब्बास ने निंदा की है। उन्होंने हमले में 70 शिया मुसलमानों की मौत और 180 से अधिक के घायल पर दुख जताया है। मौलाना अब्बास ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी शिया मस्जिदों और इमामबारगाहों को निशाना बना रहे हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद फैला रहा है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध न लगाकर तमाशाई बना है। आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में मगरिब की नमाज के प्रदर्शन भी किया गया। मौलाना शाहकार जैदी ने बताया कि 8 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे से शिया युवा संगठन हुसैनी टाइगर्स की ओर से बड़े इमामबाड़े पर प्रदर्शनकर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ का पुतला जलाया जाएगा।



जानकारी देते दिलावर हुसैन, आरपी सिंह, असलम जावेद सिद्दीकी।

### अवार्ड-ए-तिरंगा सम्मान समारोह 30 मार्च को

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था एलायंस सोशल एण्ड कल्चरल सोसाइटी की ओर से 30 मार्च को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में अवार्ड-ए-तिरंगा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सचिव दिलावर हुसैन ने बताया कि छठे सम्मान समारोह में मुश्ताक अहमद बावला और सलमान कुरैशी (समाजसेवा), डॉ. संजीव मोहन (सर्जन), गिडियन मैसी (संगीतज्ञ), दयाल नहलानी (फिल्म निर्देशक), मोहम्मद इरफान अली (धावक), एसके शाहनवाज, शिवानी वर्मा (सौंदर्य विशेषज्ञ) तथा डॉ. अनीता सहगल वसुंधरा (लेखिका) सहित 15 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। याद-ए-रफी शीर्षक से संगीत कार्यक्रम भी होगा। जिसमें राजधानी के वरिष्ठ गायक मोहम्मद रफी के गाए हुए गीतों को आवाज़ देंगे।



प्रदर्शन करते कोटेदार।

### कोटेदारों का प्रदर्शन समाप्त

**अमृत विचार, आलमबाग :** दो सौ रुपये प्रति कुंतल की मांग को लेकर 28 जनवरी से लखनऊ आलमबाग ईको गार्डेन में चल रहा कोटेदारों का धरना शनिवार 17 फरवरी को विधानसभा घेराव के आह्वान के साथ समाप्त हो गया। दस दिनों तक चले इस प्रदर्शन के अंतिम दिन स्थानीय थाने की पुलिस ने पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री ओएसडी से कराई। इस धरने का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक मेहरोत्रा ने ने बताया कि प्रदेश में कोटेदारों को 90 रुपए प्रति कुंतल मानदेय प्राप्त होता चला आ रहे, जबकि अन्य प्रांतों में दो सौ रुपए प्रति कुंतल मानदेय दिया जाता है।




कांवड़ लेकर जाते शिवभक्त।

### कांवड़ लेकर चले शिवभक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाशिरात्रि पर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की टोलियां रवाना होने लगी हैं। शहर में प्रतिदिन 10 से 12 टोलियां निकल रही हैं। शनिवार को भी बम-बम भोले के जायकारे लगाते हुए बाराबंकी रोड से कई दल निकले। कई जगह लोगों ने कांवड़ियों को जलपान कराया और यात्रा के लिए आर्थिक मदद भी दी।

**स्थापना दिवस समारोह** केजीएमयू में गायनी ऑन्कोलॉजी विभाग में विशेषज्ञों ने किया जागरूक

# 65 प्रतिशत महिलाएं कैंसर की अंतिम अवस्था में पहुंच रहीं अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **सर्वाइकल व ओवेरियन कैंसर के लक्षणों को नजरअंदाज करना पड़ रहा भारी, स्क्रीनिंग बेहद कम**

**अमृत विचार :** कैंसर से पीड़ित लगभग 65 प्रतिशत महिलाएं बीमारी की गंभीर या अंतिम अवस्था में अस्पताल पहुंच रही हैं। इनमें सर्वाइकल और ओवेरियन कैंसर के मरीजों की संख्या अधिक है। इस प्रकार के कैंसर में शुरुआती लक्षण देर से सामने आते हैं और महिलाएं इन्हें सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे बीमारी जानलेवा रूप ले लेती है। यह जानकारी केजीएमयू के गायनी ऑन्कोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. निशा सिंह ने दी।

डॉ. निशा शनिवार को केजीएमयू के ब्राउन हॉल में आयोजित गायनी ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि महिलाओं में सबसे अधिक मामले स्तन कैंसर के सामने आते हैं, जबकि सर्वाइकल कैंसर दूसरे स्थान पर है। यह महिलाओं में होने वाले कुल कैंसर का लगभग 22.86 प्रतिशत हिस्सा है। सर्वाइकल कैंसर के नए मामलों और इससे होने वाली मौतों की संख्या भी चिंताजनक बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कैंसर स्क्रीनिंग की स्थिति बेहद खराब है। 30 से 49 वर्ष आयु वर्ग की केवल 1.5 प्रतिशत महिलाएं ही सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग करा रही हैं, जबकि स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की दर महज 0.4 प्रतिशत है। हालांकि लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में धीरे-धीरे स्क्रीनिंग सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, लेकिन अभी यह पर्याप्त नहीं है। केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि कैंसर के मामलों में देरी से इलाज का सबसे बड़ा कारण जागरूकता की कमी है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाएं नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करा पातीं। सामाजिक संकोच, आर्थिक समस्याएं और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण महिलाएं अपनी सेहत को प्राथमिकता नहीं देतीं। कई मामलों में महिलाओं को यह जानकारी ही नहीं होती कि कैंसर की शुरुआती अवस्था में इलाज संभव है।कार्यक्रम के दौरान विभाग की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### केजीएमयू में हुआ जागरूकता कार्यक्रम, प्रतिभागी पुरस्कृत

केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) में शनिवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग की डॉ. सुजाता देव ने कार्यक्रम में कैंसर की समय पर जांच, पहचान और इलाज पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कैंसर पर सटीक वार करने के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। वैशाली, प्रिया और प्रीति को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं,पूर्णिमा और वंदना दूसरे और अंशु और शशि तीसरे स्थान पर रहीं।



प्रमाणपत्रों के साथ प्रतिभागी और अन्य लोग।

### समय पर जांच से बच सकती है जान

सफदरजंग अस्पताल की वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. शालिनी राजाराम ने बताया कि यदि कैंसर की पहचान पहले या दूसरे चरण में हो जाए तो इलाज की सफलता दर 70 से 90 प्रतिशत तक हो सकती है। इसके लिए नियमित स्क्रीनिंग, मैमोग्राफी और सर्वाइकल जांच बेहद जरूरी हैं। विशेषज्ञों ने महिलाओं से अपील की कि शरीर में किसी भी असामान्य बदलाव को नजरअंदाज न करें और समय रहते चिकित्सकीय सलाह लें।

## सिटी ब्रीफ

### कैरम में प्रज्ञा, अचिंत्य नीलांश, अमन चैंपियन

**अमृत विचार , लखनऊ :** मीडिया ओलंपिक के तीसरे संस्करण का शुभारंभ शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में समारोह के साथ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। फर्राटा रेस में हर्ष पाण्डेय, वाजीहा फातिमा और सौरभ शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। वहीं कैरम प्रतियोगिता में प्रज्ञा सिंह, अचिंत्य कुमार शाही, नीलांश गुप्ता और अमन अग्रवाल चैंपियन बने। बैडमिंटन स्पर्धा में आशीष, शिवांश और गौरी ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार मृत्युंजय कुमार, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय के साथ इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स, उत्तर प्रदेश चैप्टर के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह मौजूद रहे।

### स्टंटबाजी में पलटी कार बाल-बाल बचे सवार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के मेदांता हॉस्पिटल के सामने कार स्टंट करते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार बाल-बाल बच गया। हादसे देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। कार में फंसे चालक को राहगीरों ने किसी तरह बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस ने लोगों से जानकारी जुटाई। राहगीरों ने पूछताछ में बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। कार चालक स्टंट कर रहा था। इस कारण अनियंत्रित होकर पलट गई।



प्रदर्शनकारी छात्रों को रोकते पुलिसकमी। अमृत विचार



आक्रोशित छात्रों को समझाते विश्वविद्यालय के प्रोफेसर व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने लविवि में किया हंगामा

## विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नारेबाजी कर विश्वविद्यालय प्रशासन पर लगाया भेदभाव करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों को समझने का प्रयास करते विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी और पुलिसकर्मी जुटे रहे
- समाज कार्य विभाग के जीके सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम पंच परिवर्तन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। समाज कार्य विभाग के सामने छात्रों ने विद्यार्थी परिषद और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भेदभाव करने का आरोप लगाया।

इस दौरान छात्रों को समझने का प्रयास करते विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी और पुलिसकर्मी जुटे रहे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का आरोप था कि विगत दिनों दिल्ली विश्वविद्यालय के एक पदाधिकारी के कार्यक्रम को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई और छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन पहुंचा दिया। जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के बाहर के लोगों को शामिल होने का अनुमति विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिया है। इसे लेकर करीब घंटे भर तक छात्रों का हंगामा चलता रहा। एक समय तो हालात ऐसे बन गये कि पुलिस को संभालना भारी पड़ रहा था। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने किसी तरह दोनों गुटों को संभाला और प्रदर्शनकारी छात्रों कोसमझा बुझाकर वापस भेजा।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का विमोचन करते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किया कार्यक्रम:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से समाज कार्य विभाग के जीके सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम महानगर विद्यार्थी परिषद और कृष्णा देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में पंच परिवर्तनःराष्ट्र पुनर्निर्माण की दिशा विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह प्रचार प्रमुख,मुख्य वक्ता अभाविप पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही,अभाविप लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष प्रो. शारिका दुबे,महानगर सह मंत्री सक्षम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### तदर्थ प्रशिक्षकों की भर्ती को हुए चयन ट्रायल

- प्रदेश भर में रिक्त पदों पर की जानी है तैनाती





**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में खेल विभाग के अंतर्गत रिक्त तदर्थ प्रशिक्षकों के पदों को भरने के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए। खेल विभाग की देखरेख में आयोजित इन ट्रायल में विभिन्न खेलों से जुड़े प्रदेश भर के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन ट्रायल के लिए खिलाड़ी केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचे।

ट्रायल प्रक्रिया के तहत सबसे पहले अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट लिया गया, जिसके बाद उनके खेल कौशल का स्किल टेस्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि चयन पूरी तरह योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर किया जा रहा है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रिक्त पड़े तदर्थ प्रशिक्षकों के पदों के लिए यह चयन ट्रायल आयोजित किए गए हैं। ट्रायल के बाद चयनित प्रशिक्षकों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शहर में रिक्त पदों पर तैनाती के लिए मुख्यालय को पत्र भेजकर प्रशिक्षकों की नियुक्ति की मांग की जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा मिल सके।



गोमती नगर स्थित सीएएल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते खिलाड़ी। अमृत विचार

# खिलाड़ियों ने किया सीएएल कार्यालय का घेराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ प्रीमियर लीग में धांधली का आरोप, चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

**अमृत विचार :** लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) में खिलाड़ियों के चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में स्थानीय खिलाड़ियों ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (सीएएल) के गोमती नगर स्थित कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने ऑक्शन प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रतिभाओं की अनदेखी किए जाने की बात कही।

एलपीए के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि लखनऊ प्रीमियर लीग का आयोजन उन खिलाड़ियों के लिए किया गया था, जो पिछले तीन वर्षों से जनपद में पंजीकृत होकर क्रिकेट गतिविधियों में सक्रिय हैं। इसके बावजूद नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ सहित अन्य जिलों के ऐसे खिलाड़ियों को ऑक्शन सूची में शामिल किया गया, जिन्होंने मात्र 30 दिन पहले ही लखनऊ में पंजीकरण कराया था। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक फ्रेंचाइजी में अधिकतम दो बाहरी खिलाड़ियों को ही शामिल किया जाए। साथ ही टीम में खिलाड़ियों की संख्या 18 से बढ़ाकर 20 की जाए और ऑक्शन प्रक्रिया को दोबारा पारदर्शी तरीके से कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सीएएल की ए, बी और सी लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से एलपीएल में अवसर मिलना चाहिए। चेतावनी दी गई कि यदि दस दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो खिलाड़ी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और लीग के आयोजन को रोकने का प्रयास किया जाएगा।

**नियमों के अनुरूप हुआ चयन-आयोजक :** लीग के आयोजन से जुड़ी क्वाड्स स्पोर्ट्स के सदस्य आकाश उपाध्याय ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का चयन पूरी तरह नियमों के अनुरूप किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कहीं भी यह शर्त नहीं थी कि खिलाड़ी का लखनऊ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। ऑक्शन में वही खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जिनका पंजीकरण क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ से है और जो यहां की लीग में नियमित रूप से खेलते हैं।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग। अमृत विचार

### माता रमाबाई अंबेडकर जयंती का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में माता रमाबाई अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन बुद्ध मंदिर मार्टिन पूर्वा हजरतगंज में किया गया। मुख्य अतिथि श्री जे.पी. शास्त्री (पूर्व महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन) ने माता रमाबाई अंबेडकर जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र समेत सुरेंद्र कुमार, रविंद्र राज गौतम, कांति देवी, आशीष कुमार, माया देवी, विजय लक्ष्मी गुप्ता, सपना गौतम, संगीता, ज्ञानवती गौतम, अर्पिता, अभिनव चौधरी सहित तमाम गण व्यक्ति उपस्थित रहें।

### अरुण कक्कड़ ने जीते दोहरे खिताब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप
- महिला वर्ग में मधु ज्ञानचंदानी को भी दोहरी सफलता

**अमृत विचार :** वेटरन खिलाड़ी लखनऊ के अरुण कक्कड़ ने अपने अनुभव और शानदार कोर्ट कवरेज का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप में दोहरे खिताब जीतकर लखनऊ का नाम रोशन किया। उन्होंने पुरुष एकल 70 वर्ष से अधिक और पुरुष युगल 65 वर्ष से अधिक वर्ग में चैंपियन बनकर सफलता हासिल की। यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में गोमती नगर स्थित बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित की गई।

चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुष एकल 70 वर्ष से अधिक वर्ग के फाइनल में अरुण कक्कड़ ने शुरुआती गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए बरेली के अनिल मेहरोत्रा को 15-21, 21-11, 21-7 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पुरुष युगल 65 वर्ष से अधिक वर्ग के फाइनल में अरुण कक्कड़ और गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव की जोड़ी ने अनिल कुमार भटनागर और पंकज गुप्ता (नोएडा व कानपुर) को 21-10, 21-16 से हराकर ट्रॉफी जीती।

# क्वार्टर फाइनल में मेजबान यूपी करम के सामने हरियाणा की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 36वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 सब जूनियर बालक प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट

**अमृत विचार :** 36वें अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 सब जूनियर बालक प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में रविवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। सबसे रोमांचक क्वार्टर फाइनल में गत वर्ष की उपविजेता और मेजबान यूपी करम की टीम का सामना एमएमएस हरियाणा से होगा। इस अहम मुकाबले के लिए यूपी करम की टीम ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पीआईएस मोहाली की टीम का सामना चांद हॉकी एकेडमी हरियाणा से होगा, जबकि गत वर्ष की चैंपियन नवल टाटा ओडिशा की टीम फ्लिकर ब्रदर्स से भिड़ेगी। चौथे क्वार्टर फाइनल में राउंड ग्लास पंजाब और होली वर्ल्ड पंजाब की टीमें आमने-सामने होंगी।

शनिवार को गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी टर्फ पर खेले गए अंतिम लीग मुकाबलों में एमएमएस हरियाणा ने राजस्थान हॉकी को 6-4 से पराजित किया। वहीं फ्लिकर ब्रदर्स ने हॉकी असम को 18-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। पीआईएस मोहाली ने एसईओ मणिपुर को 5-0 से मात दी, जबकि राउंड ग्लास पंजाब ने एसडीए तमिलनाडु को 3-1 से हराया।

इन मुकाबलों के साथ ही टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां कड़े और रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है।



बॉल पर कब्जे का प्रयास करते खिलाड़ी व गोल बचाता गोलकीपर। अमृत विचार

# फ्लाइंग फेदर बैडमिंटन क्लब में प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित फ्लाइंग फेदर बैडमिंटन क्लब में शनिवार को रेक्टस क्लब, सुशांत गोल्फ सिटी के देखरेख में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में बैडमिंटन खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।



ट्रॉफी के साथ विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रतियोगिता में क्लब के सदस्य सेजल गुप्ता, मुकुल श्रीवास्तव, रिद्धि सिंह, समृद्धि सक्सेना, रजत गुप्ता, गौरव सामंत, वरुण, देवांश सहित कई युवा खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपी सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**आयोजन** विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली ने समारोह में विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की

# केजीएमयू में एनस्थीसिया विभाग का 65वां स्थापना दिवस मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू में एनस्थीसिया एंव क्रिटिकल केयर विभाग का 65वां स्थापना दिवस शनिवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभाग ने संस्थापक सदस्य और वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. एस याज्ञिक की स्मृति में विशेष व्याख्यान आयोजित किया। समारोह का आयोजन विभाग के सभागार में किया गया, जिसमें विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर, स्टाफ और रेजिडेंट शामिल हुए।

पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनीता मलिक ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. एस याज्ञिक एक दूरदर्शी शिक्षक और मार्गदर्शक थे। उनके अकादमिक अनुशासन, नैतिक मूल्य और शिक्षण के प्रति समर्पण ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उनका दृष्टिकोण और मार्गदर्शन आज भी विभाग और छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली ने समारोह में विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने वर्ष भर के उपलब्धियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि विभाग लगातार उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।



विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए स्टॉफ और रेजिडेंट। अमृत विचार

इस अवसर पर वर्ष 2026 के विभागीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विभाग ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्टाफ और रेजिडेंट को सम्मानित किया। डॉ. श्रेया को श्रेष्ठ सीनियर रेजिडेंट, डॉ. संध्या को श्रेष्ठ जूनियर रेजिडेंट, सुनेना एस नायर को श्रेष्ठ नर्सिंग ऑफिसर, अर्पित कुमार को श्रेष्ठ पैरामेडिकल स्टाफ और भावना एवं मोहम्मद अयूब को श्रेष्ठ कार्यालय कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया गया।